आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक :13.05.2025 समय : 02.10PM

प्रधानमंत्री आदमपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सवेरे पंजाब में आदमपुर वायुसेना केंद्र का दौरा किया और वीर जवानों के साथ बातचीत की। बातचीत के दौरान श्री मोदी ने जवानों के शौर्य की सराहना की और उनका मनोबल बढ़ाया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि साहस, संकल्प और निर्भयता के प्रतीक जवानों के बीच में होना उनके लिए बहुत ही विशेष अनुभव है। उन्होंने कहा कि भारत के सशस्त्र बल जो भी राष्ट्र के लिए कर रहे हैं, भारत उसका हमेंशा ऋणी रहेगा। प्रधानमंत्री का यह दौरा पहलगाम आतंकी हमले के बाद शुरू किये गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के सिलसिले में हुआ है।

कैबिनेट बैठक

मुख्मयंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज भोपाल में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में ऑपरेशन सिंदूर के लिए सेनाओं का अभिनंदन किया गया। निर्णय के बारे में जानकारी देते हुए कैबिनेट मंत्री कैलाश विजवर्गीय ने बताया कि पांच मई तक प्रदेश में गेंहू उपार्जन काम पूरा हुआ है। इसमें करीब 9 लाख किसानों ने पंजीयन कर गेंहू का विक्रय किया। कुल 18 हजार 842 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। श्री विजवर्गीय ने बताया कि कैबिनेट ने हाथियों के प्रबंधन और किसानों के प्रशिक्षण के लिए 47 करोड़ रुपए की योजना को मंजूरी दी है।

बसों की जांच

प्रदेश में यात्री बसों, शैक्षणिक संस्थानों की बसों और स्कूल बसों की सघन जांच के लिए आज विशेष अभियान शुरू किया जा रह है। भोपाल समेत प्रदेश के सभी जिलों में यह अभियान चलेगा, जिसमें पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल होंगे। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक और जिला परिवहन कार्यालय को निर्देश जारी किये गये हैं। वाहन के साथ वैध बीमा प्रमाण-पत्र, फिटनेस प्रमाण-पत्र, परमिट होना अनिवार्य है। यदि वाहन फिटनेस प्रमाण-

पत्र होने के उपरांत अनफिट पाई जाती है तो फिटनेस जारीकर्ता अधिकारी / ATS के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

सीबीएसई 12वीं परिणाम

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड-सीबीएसई के 10oha 12वीं कक्षा के परिणाम ?kksf"kr dj fn;s gSaA 12oha esa लड़कियों ने एक बार फिर लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया है। 91 प्रतिशत से अधिक लड़कियों ने परीक्षा पास की जो कि लड़कों के मुकाबले पांच दशमलव नौ-चार प्रतिशत अधिक है। इस वर्ष 88 दशमलव तीन-नौ प्रतिशत विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा पास की जो पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है। प्रदेश में रिजल्ट 82. 46 प्रतिशत रहा। ogha कक्षा 10 oha में 93.66 प्रतिशत छात्र बोर्ड परीक्षा में सफल हुए हैं- जो पिछले साल से 0.06 प्रतिशत अधिक है। परीक्षा परिणाम cbse.gov.in, results.nic.in, results.digilocker.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

मौसम

प्रदेश में इन दिनों लगातार मौसम में बदलाव देखने को मिल रहे हैं। कहीं बारिश तो कहीं तेज गर्मी पड़ रही है। मौसम विभाग ने आज भोपाल-इंदौर समेत प्रदेश के 7 संभागों के कई जिलों में आंधी-तूफान के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। रीवा, शहडोल और जबलपुर संभाग के जिलों में मौसम साफ रहेगा और गर्मी बढ़ेगी। प्रदेश में कल दिन का तापमान फिर से 41 डिग्री के पार पहुंच गया है। सबसे गर्म खजुराहो रहा। जहां तापमान 41.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

समाचार संक्षेप में

- एयर इंडिया ने कहा है कि यात्रियों की सुरक्षा को मद्देनज़र रखते हुए जम्मू, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ और राजकोट से प्रस्थान और आगमन करने वाली उड़ान सेवाएं आज के लिए रद्द की गई हैं।

- रतलाम जिला होमगार्ड कार्यालय सिविल लाइंस पर आयोजित आपदा प्रबंधन कार्यशाला जिला चिकित्सालय के डॉक्टर चेतन पाटीदार ने सीपीआर कृत्रिम श्वसन पद्धति एवं फर्स्ट एड के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।
- शिवपुरी में कल वैश्य महासम्मेलन मप्र की क्षेत्रीय प्रदेश कार्य समिति बैठक आयोजन किया गया। संगठन के ग्वालियर, चंबल, शिवपुरी संभाग के के पदाधिकारी मौजूद रहे।
- कैबिनेट मंत्री और गोविंदपुरा विधायक कृष्णा गौर ने कल गोविंदपुरा में 20 करोड़ रुपए की लागत से केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के पास स्विमिंग पूल और ऑडिटोरियम बनाने की घोषणा की।
- मध्य प्रदेश में फ्री खाद्यान्न योजना के तहत खाद्य विभाग द्वारा ई–केवायसी के तहत अब तक निधन हो चुके अथवा बीते 4 माह से राशन न लेने वाले 15 लाख हितग्राहियों के नाम सूची से हटा दिए गए हैं।

....